रूप मे अहमदाबाद क्षेत्र के लिए महानगरीय दैनिक जाल-तंत्र का व्यावहारिकता अध्ययन प्रारम्भ करने के लिए महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) को प्राधिकृत किया है। द्रुत परिवहन लाइन की लम्बाई और उसे पूरा करने मे लगने वाले समय का तभी पता चलेगा जब महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) द्वारा प्रारम्भ किया जाने वाला व्यावहारिकता अध्ययन पूरा हो जायेगा।

2. तदनुसार, महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) ने अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण मे अनुमानित रकम जमा करने के लिए कहा है ताकि वे सर्वेक्षण-कार्य प्रारम्भ कर सकें। अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण द्वारा अहमदाबाद क्षेत्र के लिए दैनिक सेवा की लाइन का तकनीकी-आर्थिक व्यावहारिकता सर्वेक्षण प्रारम्भ करने के प्रस्तावो पर अपने स्वीकृति देते समय प्रस्तावित सर्वेक्षण के आधार पर परियोजना के वास्तविक कार्यान्वयन तथा वित्त-पोषण के सम्बन्ध मे योजना आयोग और रेल प्राधिकारियो की वचनबद्धता जानना चाहते थे। महानगर परिवहन परियोजना बम्बई संगठन ने अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण को सूचित किया है कि योजना आयोग मे ऐसी वचनबद्धता की आशा रखना असामयिक होगा क्योंकि दैनिक यात्रा लाइन की आवश्यकता को तकनीकी-आर्थिक व्यावहारिकता सर्वेक्षण के माध्यम मे सुस्थापित किया जाना होता है।

3 मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण ने जुलाई, 1981 में महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) को सूचित किया है कि यह प्रस्ताव उनके विचाराधीन है बशर्ते कि अहमदाबाद नगर निगम कुल लागत की 70 प्रतिशत लागत वहन करे क्योंकि 30 प्रतिशत राशि अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण द्वारा ही वहन की जायेगी बशर्ते कि राज्य सरकार इसकी स्वीकृति दे दे। यह मामला अभी भी अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण के विचाराधीन है।

भटिण्डा-गंगानगर ब्राड गेज लाईन को सूरतगढ़ से जोड़ना

*178. **श्री कुंभा राम आर्य :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गंगानगर क्षेत्र को मंडियों का विकास करने की दृष्टि से भटिंडा-गंगानगर (बरास्ता अबोहर) ब्राड गेज लाईन को सूरतगढ जंक्शन ब्राड गेज लाइन से जोडने के बारे में कोई योजना विचाराधीन है,

(ख) यदि हां, तो इस रेलवे लाईन के द्वारा मंडी पदमपुर सहित किन-किन मंडियों को जोडा जायेगा, और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) हिन्दुमालकोट के रास्ते अबोहर श्रीगंगानगर के साथ बडी लाइन द्वारा पहले से ही जोडा हुआ है। धन की अत्यधिक कमी के कारण पदमपुर के रास्ते श्रीगंगानगर से सूरतगढ तक नई लाईन का निर्माण करना व्यावहारिक नहीं होगा।

कालोडी स्टेशन पर नमक के लदान के लिये माल डिब्बे

*179 **श्री अतीक महबोब :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या सरकार का ध्यान रेलवे अधिकारियों द्वारा कालोडी स्टेशन